भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 952

उत्तर देने की तारीख 29 जुलाई, 2024

7 श्रावण, 1946 (शक)

मेरा युवा भारत पोर्टल

952. डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:

श्री नरेश गणपत म्हस्के:

श्री प्रवीण पटेल:

श्रीमती दग्गुबाती पुरंदेश्वरी:

श्री हरीभाई पटेल:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पंजीकृत उपयोगकर्ताओं और प्रस्तावित कार्यक्रमों की संख्या सहित मेरा युवा भारत पोर्टल की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उक्त पोर्टल की मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ग) उक्त पोर्टल के विकास और रखरखाव के लिए आवंटित और उपयोग किए गए बजट का ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त पोर्टल का युवा सहभागिता, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों पर पड़े प्रभाव का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख): माई भारत पोर्टल युवाओं को सरकारी विभागों और गैर-लाभकारी संगठनों के कार्यक्रमों से जुड़ने और उनसे सीखने के अवसर प्रदान करता है। दिनांक 23.07.2024 की स्थिति के अनुसार पोर्टल पर पंजीकरण की कुल संख्या 1.51 करोड़ से अधिक हो गई है। आज तक, 1939 एक्सपिरीयेंशल लर्निंग कार्यक्रम प्रकाशित किए गए हैं, जिनके माध्यम से 14714 एक्सपिरीयेंशल लर्निंग अवसर सृजित हुए हैं। इसके अलावा, पोर्टल पर स्वयंसेवा के अवसर प्रदान करने के लिए 30,873 कार्यक्रम सृजित किए गए हैं।

(ग)

वित्त वर्ष	**पोर्टल के विकास और रखरखाव के लिए आवंटित बजट (करोड़ रुपये)**	**माई भारत पोर्टल के विकास के लिए उपयोग किया गया बजट (करोड़ रुपये)**
2022-23	5.30	5.00
2023-24	38.63	20.00
2024-25	13.30	शून्य

(घ) माई भारत मंच ने युवाओं को सार्थक गतिविधियों में शामिल करने के उद्देश्य से पोर्टल पर मौजूद विभिन्न संगठनों के माध्यम से उन्हें जुड़ने के लिए असंख्य अवसर प्रदान किए हैं। यह मंच युवाओं को पोर्टल पर उपलब्ध सी.वी. बिल्डर फंकशनैलिटी का उपयोग करके अपना सी.वी. बनाने की सुविधा प्रदान करता है। अब तक कुल 38,444 युवाओं ने इस सुविधा का उपयोग किया है।

*****